पत्रांक- बि०प्र०सु०मि०सो०/ BRPGRA-(IT).- 02/2016 सो0..2235..........

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी

(सामान्य प्रशासन विभाग)

प्रेषक,

विनायक मिश्र
प्रशासनिक पदाधिकारी

सेवा में,

सभी जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी
सभी अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी
बिहार

दिनांकः-..08/09/2022....

विषयः- DSC(Digital Signature Certificate) बनवाने में विलंब करने के संबंध में।

महाशय,

विषयांकित मामले में प्रायः देखा जा रहा है कि DSC(Digital Signature Certificate) की वैधता अवधि समाप्त हो जाने अथवा वैधता अवधि के समाप्ति की तिथि अत्यंत ही निकट आ जाने पर लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा नया DSC बनवाने हेतु आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ किया जाता है। विदित हो कि नया DSC बनवाने की प्रक्रिया पुरा होने में कुछ समय लगता है तथा इसके लिए तब तक प्रतीक्षा करना पड़ता है। उक्त प्रतीक्षा अवधि में लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा सुनवाई एवं आदेश अपलोड करने का कार्य बाधित रहता है, जो खेदजनक है।

अतः निदेशानुसार उपर्युक्त के आलोक में अनुरोध है कि DSC(Digital Signature Certificate) की वैधता अवधि समाप्त होने के एक माह पूर्व ही नया DSC बनवाने की प्रक्रिया प्रारंभ करने हेतु अग्रतर कार्रवाई करने की कृपा की जाय ताकि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम अंतर्गत सुनवाई एवं निवारण का कार्य बाधित ना हो।

विश्वासभाजन

8/09/22

(विनायक मिश्र)